भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3213
22.07.2019 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय हरित भारत मिशन

3213. श्री संजय सिंह :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय 'हरित भारत मिशन' को सफल बनाने के लिए शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) इनके क्या परिणाम निकले;
(ग) राष्ट्रीय 'हरित भारत मिशन' का कितना लक्ष्य हासिल कर लिया गया है; और
(घ) कार्यान्वित की जाने वाली भावी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (घ) **राष्ट्रीय हरित भारत मिशन** जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत संचालित आठ मिशनों में से एक है। इसका उद्देश्य भारत के वनावरण की सुरक्षा करना, उसे बहाल करना और उसमें वृद्धि करना तथा जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्याओं का समाधान करना है। हरित भारत मिशन का कार्यान्वयन वर्ष 2015-16 में शुरू किया गया। राष्ट्रीय हरित भारत मिशन के तहत, अब तक 87113.86 हे. क्षेत्रफल में वनीकरण कार्यकलाप आरंभ करने तथा 56,319 परिवारों को वैकाल्पिक ऊर्जा उपकरण उपलब्ध कराने हेतु 12 राज्यों को 237.07 करोड़ रू. की धनराशि जारी की गई है। स्वीकृत लक्ष्यों की तुलना में हुई उपलब्धियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-1** में दिया गया है। अन्य राज्यों की संदर्शी योजनाओं को निधियों की उपलब्धता होने पर और कार्यान्वयन संबंधी दिशानिर्देशों की शर्तों की पूर्ति होने पर शुरू किया जाएगा।

*****

अनुबंध -1

जीआईएम के तहत स्वीकृत लक्ष्यों और उपलब्धियों का राज्य-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है: -

हेक्टेयर में स्वीकृत लक्ष्य और उपलब्धि

क्र.सं.	राज्य	2015-16 से 2018-19 तक स्वीकृत लक्ष्य		^ 2015-16 से 2018-19 तक की उपलब्धियां	
		वन/वृक्षावरण में वृद्धि	वन गुणवत्ता में सुधार	वन/वृक्षावरण में वृद्धि	वन गुणवत्ता में सुधार
1	आंध्र प्रदेश	154.860	379.140	154.86	379.14
2	छत्तीसगढ़	5547.120	13580.880	5547.12	13580.88
3	कर्नाटक	394.400	965.600	394.4	965.6
4	केरल	707.374	1731.846	707.373	1731.846
5	मणिपुर	2551.420	6246.580	2551.42	6246.58
6	मिजोरम	5696.470	13946.530	5696.47	13946.53
7	ओडिशा	2651.390	6491.330	2651.39	6491.33
8	पंजाब	996.440	2439.560	996.44	2439.56
9	उत्तराखंड	1428.540	3497.460	1428.54	3497.46
10	मध्य प्रदेश*	3455.060	8458.940	3455.06	8458.94
1 1	महाराष्ट्र	1373.579	3362.901	-	-
12	सिक्किम	306.368	750.072	306.368	750.072
कुल		**25263.021**	**61850.839**	**23889.441**	**58487.938**

नोट: * निधि को वित्तीय वर्ष 2019-20 में उपयोग के लिए पुनर्वैधीकृत किया गया था।

^ उपलब्धि अगले वित्तीय वर्ष में रिपोर्ट की जाएगी।

****